एक नजर में

## बालक छात्रावास में अव्यवस्थाओं पर भड़के छात्र



**खरगोन।** टांडाबरुड़ के सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास में शुक्रवार को विद्यार्थियों का अव्यवस्थाओं को लेकर आक्रोश भड़क उठा। भोजन एवं नाश्ते की निम्न गुणवत्ता के साथ-साथ पर्याप्त बिस्तर और पंखों की कमी छात्रों के विरोध का मुख्य कारण थी। इन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परेशान विद्यार्थियों ने छात्रावास प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पैदल ही खरगोन शहर की ओर रुख करना चाहा। छात्रों के छात्रावास से निकलने की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक केदार डावर और जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त कविता आर्य तत्काल बरुड़ पहुंचीं। उन्होंने सड़क पर ही छात्रों को रोका और उनकी समस्याओं को सुना।

विधायक ने विद्यार्थियों के आक्रोश को देखते हुए मामले में तत्काल और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। विधायक और सहायक आयुक्त विद्यार्थियों के साथ छात्रावास पहुंचे। छात्रों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भोजन की थाली दिखाते हुए बताया कि भोजन और नाश्ते की गुणवत्ता स्तरहीन है। बिस्तर व पंखों की व्यवस्था भी नही है। विद्यार्थियों ने एक लिखित शिकायत भी सौंपी। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। छात्रावास की सभी अव्यवस्थाओं को जल्द से जल्द दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस घटना ने छात्रावास प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**इनका कहना है-**

विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सूचना पर छात्रावास पहुंचे थे। यहां विद्यार्थियों ने भोजन एवं नाश्ते सहित बिस्तर व पंखे कमी की समस्या बताई। विद्यार्थियों की लिखित शिकायत पर अधीक्षक के भी कथन लिए है। छात्रावास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। विद्यार्थियों की मांग अनुसार सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। - कविता आर्य, सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग खरगोन।

## वनरक्षक पदोन्नति में नियम उल्लंघन का आरोप



**खरगोन।** मध्यप्रदेश वन कर्मचारी संघ की जिला शाखा ने खंडवा वन वृत्त में वनपाल पद पर हुई पदोन्नति में नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए वन संरक्षक को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है। संघ ने 16 जुलाई को दिए अपने अभ्यावेदन में कहा है कि पदोन्नति आदेश में मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 के नियम 11 (3) का पालन नहीं किया गया है। संघ के अनुसार, इस कारण वरिष्ठ एवं पात्र वनरक्षकों को पदोन्नति का लाभ नहीं मिल पाया, जबकि 10 से 12 वर्ष कनिष्ठ कर्मचारियों को पदोन्नत कर दिया गया। संघ ने यह भी आपत्ति दर्ज कराई है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक के 15 जुलाई 2015 के निर्देशानुसार सीधी भर्ती के वनरक्षकों की वरीयता उनके समेकित योग्यता क्रम के अनुसार निर्धारित नहीं की गई, बल्कि नियुक्ति आदेश के आधार पर की गई। अभ्यावेदन में बताया गया है कि पदोन्नति आदेश से पहले वृत्त स्तर पर वनरक्षकों की समेकित वरीयता सूची का प्रकाशन नहीं किया। न ही इस संबंध में दावा-आपत्तियां मांगी गईं। इसके अतिरिक्त, स्वयं के व्यय पर स्थानांतरित कर्मचारियों को भी वरीयता में कनिष्ठ क्रम में रखा गया, जिससे जिले और वृत्त स्तर पर बनी वरीयता सूची में भिन्नता और त्रुटि है। संघ ने मांग की है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 के नियम 5 तथा नियम 11 (3) के अनुसार आरक्षित पदों को कम करते हुएए वरिष्ठता सह उपयुक्तता के आधार पर वरिष्ठ एवं पात्र वनरक्षकों को पदोन्नति का लाभ दिया जाए। साथ ही, वृत्त स्तर पर वनरक्षकों की समेकित वरीयता सूची मेरिट के आधार पर बनाकर पुन- परीक्षण किया जाए और संशोधित पदोन्नति आदेश पारित किए जाएं।

## कलेक्टोरेट में जिला स्तरीय बैठक आयोजित



**खरगोन ।** मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष एस.एन. मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह में जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन, युक्तिकरण एवं भावी प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सचिव ए.के. सिंह एवं सदस्य मुकेश शुक्ला भी उपस्थित रहे। बैठक में आयोग ने जिला के सभी विभागों के अधिकारियों से संभाग, जिला, उपखंड, तहसील एवं जनपद स्तर की वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था, जनसुविधाओं, भौगोलिक परिस्थितियों, प्रशासनिक दक्षता तथा भविष्य की आवश्यकताओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों से प्रशासन को अधिक जनोन्मुखी, सुलभ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आवश्यक सुझाव भी आमंत्रित किए गए। आयोग ने निर्देश दिए कि प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन अथवा नवीन इकाइयों के गठन संबंधी प्रस्ताव निर्धारित प्रश्नावली एवं मापदंडों के अनुरूप तैयार कर भेजे जाएं। साथ ही जनप्रतिनिधियों, संबंधित विभागों एवं अन्य हितधारकों से प्राप्त सुझावों का परीक्षण कर समुचित अनुशंसा के साथ आयोग को प्रेषित किया जाए। बैठक में जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रशासनिक आवश्यकताओं, मानव संसाधन, सेवा प्रदाय व्यवस्था एवं क्षेत्रीय चुनौतियों पर सुझाव प्रस्तुत किए। आयोग द्वारा प्राप्त सुझावों एवं प्रस्तावों का निर्धारित मानकों के आधार पर परीक्षण कर राज्य शासन को अनुशंसाएं भेजी जाएंगी।

# शिक्षक संवर्ग की समस्याओं को लेकर संभागीय उपायुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

**बिस्टान।** शिक्षक संवर्ग की समस्याओं के निराकरण को लेकर संभागीय उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिन शिक्षकों ने अपनी योग्यता नियुक्ति तिथि के बाद बढाई है उन्हें नियुक्ति तिथि से ही वरिष्ठता का लाभ दिया।जबकि वर्तमान में संभागीय उपायुक्त कार्यालय से जारी सूची में इन शिक्षकों के साथ भेदभाव करते हुए योग्यता बढ़ाने की तिथि से वरिष्ठता दी जा रही। इस कारण पात्र शिक्षक पदोन्नति से वंचित हो रहे हैं एवं बाद में नियुक्त शिक्षकों को पदोन्नति मिल रही है। यह भी ज्ञात होगा इस प्रकार का नियम प्रदेश में कहीं भी किसी भी संभाग में नहीं है। इस आशय का ज्ञापन संभागीय उपायुक्त के नाम परियोजना प्रशासक श्रीमती मीना मंडलोई को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी ने सोप सौंपा। इस अवसर पर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रभुराम मालवीया, अमित शर्मा,अतीक खान, जगदीश चौधरी,भारत डावर, संतोष जायसवाल, घनश्याम पटेल,आनंद मालवीय,अजय चंद्रात्रे, घनश्याम मालवीय आशीष तिवारी अनिता कुशवाहा अनामिका घोड़े, रानी कासार,राकेश भालसे, आदि उपस्थित थे।



### शिक्षकों ने ये रखी मांगें...

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में चल रही पदोन्नति प्रक्रिया में जारी की गई सूचियों में भारी विसंगतियां हैं जिससे जिले भर के शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2013-14 में नियुक्त शिक्षको के 12 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर प्रथम क्रमोन्नती आदेश जारी करवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाय।. पदोन्नती हेतु गोपनीय चरीत्रावली पर वर्तमान मे कार्यरत विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को हस्ताक्षर करने हेतु आदेशित किया जाए। सम्भाग स्तर से नवीन शिक्षक संवर्ग की जारी पदोन्नती सुची में कई शिक्षको के नाम छूटे है एवं कई नाम त्रुटीपूर्ण है इनके संशोधन हेतु विकासखण्ड स्तर पर आवेदन प्राप्त किए जावें। वर्तमान में स्थानान्तरण नीति 2026 के अन्तर्गत कुछ सस्थाओं मे रिक्त पदो से अधिक शिक्षको को स्थानान्तरित कर दिया है। जिससे उनके वेतन आहरण में समस्या उत्पन्न हो रही है। अतः इनके समायेजन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की जाए।

## जगन्नाथ रथ यात्रा में चलाया स्वच्छता अभियान

**महेश्वर।** भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ शोभायात्रा के समापन के बाद नगर परिषद महेश्वर द्वारा तत्काल स्वच्छता अभियान चलाकर पूरे मार्ग की सफाई की गई।

नगर परिषद के स्वच्छता मित्रों ने श्रद्धालुओं के जाने के बाद सड़क पर फैले फूल-माला, प्लास्टिक एवं अन्य कचरे को एकत्र कर मार्ग को स्वच्छ बनाया। नगर परिषद के स्वच्छता अभियान में स्वच्छता प्रभारी महेश गेहलोत,सफाई दारोगा पंकज वेद ,स्वच्छता शाखा से राहुल डागर के नेतृत्व में नितिन खरे ,संदीप नागर सहित सफाई कर्मचारियों ने पूरी तत्परता के साथ कार्य करते हुए रथ यात्रा मार्ग को पुनः साफ एवं व्यवस्थित किया। अभियान का उद्देश्य धार्मिक आयोजनों के बाद शहर की स्वच्छता बनाए रखना तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा।

नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव उपाध्यक्ष सचिन शर्मा समस्त पार्षद गण एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रियंक पंड्या ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में सभी नागरिकों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे।

## एसबीआई बैंक के एटीएम के ताले टूटे, चोर नकदी ले जाने में असफल

### घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद पुलिस ने आरोपी को चंद घंटों में पकड़ा

**गोगावा।** बुधवार-गुरुवार की रात के दरमियान गोगावा में खरगोन सनावद मार्ग के मुख्य बाजार पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम घर में अज्ञात व्यक्ति ने चोरी करने के प्रयास किया। यहां लोहे की लगी शटर के ताले तोड़कर यहां लगे ए टी एम से छेड़छाड़ कर चोरी करने का असफल प्रयास किया बताया जा रहा है कि चोर ने इसके अंदर लगी एटीएम मशीन एवम केमरो को भी नुकसान पहुंचाया है हालाकि यह सारी घटना ए टी एम घर में लगे केमरे में कैद हो गई थी।

बैंक मेनेजर राजेश सांवले को उक्त घटना पता चली तो बैंक मेनेजर सांवले ने गोगावा पहुंचकर पुलिस को घटना की सूचना देकर बैंक बुलाया पुलिस ने जांच पड़ताल कर मोका पंचनामा बनाकर गुरुवार बैंक मेनेजर राजेश सांवले की रिपोर्ट पर पुलिस ने सीसी टीवी कैमरे में कैद चोर की तफ्तीश शुरू कर दी पुलिस ने केमरे की निशानदेही पर चंद घंटों में ही चोर को समीप के गांव बिलखेड बुजुर्ग के बेड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लीया गया पुलिस ने सघन पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल उर्फ टाला पिता रामसेवक मानकर उम्र 24 वर्ष निवासी बिलखेड़ बुजुर्ग बताया गया है। थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि इसके द्वारा पूर्व में भी छह प्रकरण दर्ज हैं जिनकी जांच की जा रही है जिसमे चोरी एवम शराब के मामले दर्ज हैं। इस कार्य को थाने में नवागत प्रधान आरक्षक राजेश पाटिल ,यशवंत मकसारे,आशीष सांवले, आरक्षक सुमित भदौरिया, अभिलाष, विशाल आदि का सराहनीय योगदान रहा है।






## सुरेश राठौड़ भारतीय पत्रकार संघ के भगवानपुरा तहसील अध्यक्ष घोषित

**भगवानपुरा।** भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) के प्रदेश संयोजक आमिर शेख के प्रस्ताव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम कुशवाह की अनुशंसा तथा प्रदेश अध्यक्ष राकेश साहू के निर्देश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन व मप्र प्रभारी कल्याण जैन की सहमति से खरगोन जिलाध्यक्ष प्रकाश भावसार ने भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) के तहसील अध्यक्षों की घोषणा की है। भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) के जिला मीडिया प्रभारी रवींद्र परमार ने बताया भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) जिला खरगोन अंतर्गत तहसील अध्यक्षों की घोषणा की गई है। इनमें सुरेश राठौड़ भगवानपुरा, तहसील अध्यक्ष मनोनीत किए गए है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से दो वर्ष के लिए प्रभावषील होगी। तहसील अध्यक्षों की नियुक्ति पर तहसील के पत्रकार साथी महेश मालवीय,विजय पाटिल,इसहाक पठान,प्रदीप माझन, प्रकाश मालवीय, विनोद जायसवाल, आदि ने बधाई दी।

## रुखड़े के दिन तो बदल गए पर कचरे के नहीं

**बड़वाह ।** कहावत है—एक दिन रुखड़े के भी दिन बदलते हैं। बड़वाह के दशहरा मैदान में पड़े रुखड़े (मलबे) तो शायद हट गए, लेकिन उनकी जगह अब कचरे के पहाड़ ने कब्जा जमा लिया है। लगता है स्वच्छता अभियान का पोस्टर कहीं और लगा है और उसकी असलियत यहां मुख्य द्वार पर दम तोड़ रही है। कस्बा पंचायत के दशहरा मैदान के मुख्य प्रवेश द्वार पर फैला कचरे का ढेर आने-जाने वाले हर व्यक्ति का स्वागत बदबू से करता है। इसी रास्ते से रोज़ाना सैकड़ों राहगीर और स्कूली बच्चे गुजरते हैं, जिन्हें नाक पर रूमाल रखकर निकलना पड़ता है। गर्मी और बारिश के बीच सड़ता कचरा अब केवल बदबू ही नहीं, बल्कि बीमारियों को भी खुला निमंत्रण दे रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब स्वच्छता अभियान, सफाई के दावे और जनजागरूकता की बातें रोज़ होती हैं, तब कस्बे के सबसे प्रमुख मैदान के मुख्य द्वार पर यह कचरे का साम्राज्य किसकी मेहरबानी से कायम है? शायद यह कोई स्थायी कचरा स्मारक है, जिसे हटाने का जिम्मा अभी किसी विभाग की फाइल तक नहीं पहुंचा। या फिर अधिकारी यह मान बैठे हैं कि अगर बदबू से लोग परेशान होंगे तो नाक बंद कर निकलना भी एक तरह का स्वच्छता अभ्यास ही है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस कचरे के ढेर को हटाकर दशहरा मैदान की गरिमा लौटाते हैं या नहीं।



## सेवा भारती के मातृछाया प्रकल्प को मिला 'सेवा सम्मान'

**इंदौर.** अलायन्स इंटरनेशनल द्वारा इस वर्ष का प्रतिष्ठित 'सेवा सम्मान' सेवा भारती के प्रकल्प 'मातृछाया' से जुड़े समाजसेवी अशोक राठी को प्रदान किया गया. यह सम्मान स्वर्गीय भेरूलाल जी अग्रवाल (बोहेड़ा वालों) की स्मृति में उनके पुत्र बाबूलाल अग्रवाल के सौजन्य से दिया जाता है. अलायन्स इंटरनेशनल के इंटरनेशनल एडवाइजर डॉ. राजेश अग्रवाल, सीए सुनील अग्रवाल, अनिल अग्रवाल एवं सतीश अग्रवाल ने बताया कि सम्मान के तहत नगद, शॉल, श्रीफल एवं सम्मान-पत्र भेंट किया गया. डॉ. राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मान उन व्यक्तियों एवं संस्थाओं को दिया जाता है, जो निस्वार्थ भाव से समाज सेवा और परमार्थ के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहते हुए देश और समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं.

## इनर व्हील क्लब खरगोन की नई कार्यकारिणी ने संभाला पदभार

### बुजुर्गों का किया सम्मान, बांटे उपहार

**खरगोन।** इनर व्हील क्लब खरगोन ने सत्र 2026-27 के लिए पदग्रहण समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में नव.निर्वाचित पदाधिकारियों ने विधिवत शपथ ली। अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, उपाध्यक्ष पूर्णिमा बारचे, सचिव अमिता चक्करवार, कोषाध्यक्ष उमा सोमानी, आईएसओ सुषमा गौर और एडिटर मोनिका पालीवाल ने क्लब की सामाजिक सेवा व महिला सशक्तिकरण के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प किया। समारोह में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक वॉइस चेयरमैन स्मिता बियानी की उपस्थिति में पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर 11 जरूरतमंद वृद्ध महिलाओं को छाता, चप्पल, पिंड खजूर, नमकीन और फरुटी के पेकेट जैसी सामग्री दी गई। माह जुलाई का क्लब बुलेटिन उत्थान मोनिका पालीवाल ने प्रस्तुत किया, जिसका विमोचन अतिथि एवं पदाधिकारियों ने किया। निवर्तमान अध्यक्ष ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख कर सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष जानकी खटोड़, राधा अग्रवाल, कौशल्या अग्रवाल, शाहिना लोधी, कुसुम नीमा, ज्योति भंडारी, ममता भंडारी, कविता राठौर, रेखा कंसारे, डॉ. कीर्ति जैन सहित अन्य सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## फाउंडेशन डे और ज्ञानारम्भ संस्कार

**खरगोन।** न्यू राजीव गांधी मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में फाउंडेशन डे एवं ज्ञानारम्भ संस्कार समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती पूजन से हुआ। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में नर्सरी के बच्चों का ज्ञानारम्भ संस्कार वैदिक विधि-विधान व दीप यज्ञ के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि दीपक बर्चे उपस्थित रहे। विद्यालय के डायरेक्टर रमेशचंद्र मंडलोई ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है, जब वह ज्ञान के साथ संस्कार भी प्रदान करे।

## नवीन बार्चे बने कसरावद तहसील अध्यक्ष

**नवभारत न्यूज**

**कसरावद।** भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) ने संगठन विस्तार के तहत जिला एवं तहसील स्तर पर नई नियुक्तियों की घोषणा की है। इसी क्रम में नवीन बार्चे को कसरावद तहसील अध्यक्ष, राजू पटेल को जिला उपाध्यक्ष तथा प्रवीण कुशवाह को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

यह नियुक्तियां प्रदेश संयोजक आमिर शेख के प्रस्ताव, प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम कुशवाह की अनुशंसा, प्रदेश अध्यक्ष राकेश साहू के निर्देश तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन एवं मध्यप्रदेश प्रभारी कल्याण जैन की सहमति से जिला अध्यक्ष प्रकाश भावसार द्वारा की गई। जिला मीडिया प्रभारी रवींद्र परमार ने बताया कि भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) जिला खरगोन के अंतर्गत संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। इसी कड़ी में कसरावद के नवीन बार्चे को तहसील अध्यक्ष, राजू पटेल को जिला उपाध्यक्ष एवं प्रवीण कुशवाह को जिला सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों, पत्रकार साथियों एवं शुभचिंतकों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं।



एक नजर में — जगत के नाथ का रथ खींचनें की श्रद्धालुओं में मची होड़, लगे जय जगन्नाथ के जयकारे

# शहर में पहली बार निकली जगन्नाथ रथ यात्राएं, संकीर्तन से किया गुणगान

**खरगोन।** आषाढ़ माह की द्वितीया पर समूचा शहर भगवान जगन्नाथ की आराधना में लीन नजर आया। जगत के नाथ के रथ से बंधे रस्से को खिंचने को हर कोई आतुर नजर आया। क्या महिला, क्या पुरुष, क्या युवक.युवती हर उम्र के लोगों में रस्से को खिंचने की होड़ सी नजर आई। चहुंओर जगन्नाथ चक्का नैन, लीलाधर न्यारे, तु न संभाले तो हमें कौन संभाले जैसे भजनों के साथ ही हरे राम. हरे रामए राम.राम. हरे. हरे का संकीर्तन गुंजायमान होता रहा। यह नजारा शहर में पहली बार निकली जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान नजर आया। शाम 4 बजे ब्राह्मण पूरी में स्थित अति प्राचीन श्री जगदीश मंदिर से श्री जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरुआत हुई। रथयात्रा से पूर्व विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया।

महाआरती के बाद सुसज्जित रथ में भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ विराजित होकर जब नगर भ्रमण पर निकले तो हर कोई उनके दर्शन करने और रथ से बंधा रस्सा खिंचने के लिए लालायित नजर आया। शहर में पहली बार हो रहे इस अनूठे आयोजन के हजारों भक्त यात्रा के साक्षी पहली बने। इससे पहले कभी इतिहास में ऐसा आयोजन शहर में नहीं हुआ। इस कारण यात्रा को लेकर हर कोई उत्सुक था।

यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कीर्तन यात्रा परिवार के कैलाश कानूनगो एवं सकल हिन्दू समाज के बबलू पाल ने बताया कि यात्रा में रथ के आगे.आगे ओडिशा पूरी की तर्ज पर झाड़ू से भगवान के रथ की राह को फुहारा जा रहा था। रथ यात्रा रही की इसमें डीजे का शोर.शराबा नही बल्कि झांझ. मंझिरे पर हरिनाम संकीर्तन कर भगवान का गुणगान किया गया।

रथ यात्रा श्री जगदीश मंदिर ब्राह्मणपूरी से घासमंडी, बीसा नीमा धर्मशाला, तलाई मार्ग, गोल बिल्डिंग, सराफा बाजारए झंडा चैक, घाटी मार्ग, भावसार मोहल्ला, गणेश मंदिर, पीपल चौक होते हुए देरशाम पुन- श्री जगदीश मंदिर पहुंची। यहां महाआरती के बाद भगवान जगन्नाथ के प्रिय भोग केसरिया भात का वितरण किया गया।

